JAIN COLLEGE

463/465, 18th Main Road, SS Royal, 80 Feet Road
Rajarajeshwari Nagar, Bangalore - 560 098

Date: **SUBJECT: HINDI**

II PUC

II MOCK Examination

Timings Allowed: 3 Hrs.15mins.

Total Marks: 100

सूचना: १: सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
२. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है ।

I **अ. एक श्ब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** **1 X 6 = 6**

1. शंकर क्या भरकर लाया ?
2. मन ज्यादा देर त दुविधा में पड़ा रहा तो क्या आ घेरेगी ?
3. कालेज से किसका पत्र आया था ?
4. चीफ़ की दावत किसके घर पर थी ?
5. भोलाराम के जीव ने कितने दिन पहले देह त्यागी ?
6. जापान का गुण-धर्म क्या है ?

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **3 X 3 = 9**

7.. सुजान भगत की संपत्ति बढी तो क्या करने लगा ?

8.. मन की शक्ति कैसी है ?

9. लेखिका बचपन में कौन-कौन सी खेल खेलती थी ?

10. चीफ़ और माँ की मुलाकात का वर्णन कीजिए ।

11. बड़े साहब ने नारद से दफ़्तरों के रीति-रिवाज़ के बारे में क्या कहा ?

II **अ. निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे कहा ?** **1 X 4 = 4**

12. " धरम के नाम में मीन-मेष निकालना अच्छा नहीं है " ।
13. " जो वह सो गयीं और नींद में खर्राटे लेने लगीं,तो?"
14. " इनकम होती तो टैक्स होता । भुखमरा था ।"
15 ' आइ एम रिअली प्राउड आफ़ यू" ।

आ. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए (किन्ही दो) **3 X 2 = 6**

16. " इसलिए हमारा यह धर्म है कि हमारी आत्मा हमें जो कहे ,उसके अनुसार हम करें " ।
17. "यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी "।
18 "जानती नहीं,साहब खुश होगा,तो मुझे तरक्की मिलेगी ?"
19. " साधु-संतों की वीणा से तो और अच्छे स्वर निकलते है "।

III **अ. एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** **1 X 6 =6**

20. रैदास अपनेआप को किसका सेवक मानते है ?

. 21. सुमन से खुशबू कौन लेकर आता है ?

22 कवयित्री अमरों के लोक को क्यों ठुकरा देती है ?

23. बेटी किन्हें गहने मानती है ?

24. शुरु से ही क्या अंदेशा था

25. कर्नाटक की परम पुनीत नदी कौन-सी है

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **3 X 2 = 6**

26. सूरदास ने माखन चोरी प्रसंग का किस प्रकार वर्णन किया है ?
27. कर्मयोग के स्वरुप के बारे में रहीम के क्या विचार है ?
28. 'अधिकार' कविता में प्रयुक्त प्राकृतिक तत्वों के बारे में लिखिए ।
29. बिहार राज्य की भव्यता का वर्णन कीजिए ।

इ. ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : **4 X 2 = 8**

30. ऐसा चाहो राज में,
जहाँ मिले सबन क अन्न ।
छोटा-बड़ों सभ सम बसै,
रैदास रहै प्रसन्न ॥

या

चोरी करत कान्ह धरि पाए ।
निसि-बासर मोहिँ बहुत सतायौ अब हरि अरि हाथहिँ अए।
माखन-दधि मरौ सब खायौ,बहुत अचगरी कीन्ही।

31. वेद और उपनिषद ज्ञान गीता का तत्व प्रदाता है ।
सरस्वती सरिता टट वैदिक मन्त्रों का उदगाता है ॥

या

सिर्फ़ हंगामा खड़ा करना हमारा मकसद नहीं'
मेरी कोशिश है कि सूरत बदलनी चाहिए ॥

१IV **अ. एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** **1 X 5 = 5**

32.नौकरों से काम लेने के लिए क्या होनी ।

33.दादा जी ने सबको क्या समझाया था ?

34.बरगद के पेड़ की कहानी किनका निर्माण करती है ?

35. .पिता ने भारवि की किन शब्दों में ताड़ना की ?

36 पिता क्या नहीं सहन कर सकता ?

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए ;

37.कर्मचन्द ने पेड़ से एक ड़ाली टूटकर अलग होने की बात क्यों कही ? **2 X 5 = 10**

या

मालवी ने सारी-की-सारी छत क्यों और कैसे खोद डाली ?

38. सुशीला का चरित्र-चित्रण ।

या

प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए ।

V **अ. निम्नलिखित वाक्य शुद्ध कीजिए:** **1 X 4 = 4**

39. 1.वह एक दिन मेरे पास आया था ।
2. यह किताब किसका है ?
3. बालक ने रोटी खाया ।
4. श्यामा ने कहानी सुनाया ।

40. **आ. कोष्टक में दिए गए कारकों से रिक्त स्थान भरिए :** **1 X 4 = 4**

(ईश्वर, पुस्तक, बालक, खाना)

क. मेरे लिए -----लाओ ।

ख. ----तुम्हें सुख व समृद्धि दें ।

ग. -----ने रोटी खायी ।

घ. वह------पढ़ रहा है ।

41. **इ. निम्नलिखित वक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **1 X 3 = 3**

1. मै भी तो बैठा नहीं था । ।(वर्तमान काल में बदि्लए)
2. सुजान के खेत में कंचन बरसता है । (भविष्यत काल में बदलिए)
3. इसका कोई अंत दिखाई नहीं देता है ।(भुतकाल में बदलिए)

42. **ई. निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए :** **1 X 4 = 4**

1. ढ़ोल पीटना –मर जाना
2. चल बसना –बात को हर जगह बताते फिरना ।
3. पेट में चूहे बसना – इज्ज़त उतारना ।
4. पगड़ी उछालन – बहुत जोर से भूख लगना ।

43. **उ. अन्य लिंग रूप लिखिए : १.**तपस्वी २.बकरा ३.मुर्गा । **1 X 3 = 3**

44. **ऊ.अनेक शब्दों के लिये एक शब्द लिखिए :** **1 X 3 = 3**

१. जो लोगों में प्रिय हो-

२. काम से जी चुरानेवाला-

३. फल खाकर ही रहनेवाला-

45. निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोडकर नये शब्दों का निर्माण किजिए : **1 X 2=2**

1. नयन, 2. क्षण

VI अ. 46 **निम्नलिखित शब्दों के प्रत्यय अलग कर लिखिए :** **1 X 2=2**

१.समझदारी २.रोमांचक

47.आ. **किसी एक पर निबन्ध लिखिए** : **1X5=5**

१. प्रदूषण की समस्या २. समाचार पत्रों का महत्व ३. इंटरनेट की दुनिया

अथवा

अपने शैक्षणिक प्रवास के अनुभव का वर्णन करते हुए अपनी माँ को पत्र लिखिए ।

48.. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढकर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए : **1X5=5**

संसार के सभी नेताओं ने अपनी प्रतिज्ञा में देश की भलाई के लिए निष्ठा से सेवा करने के लिए सिद्धान्तों की सत्यता पर विश्वास करके अपने कदम को आगे बढ़ाया है । अनुयायियों के विश्वासघात के भय से उन्होने पलायन नहीं किया न आतताइयों के भय से उन्होने उनके सामने सर झुकाया । मेरे जीवन की अपेक्षा मेरी मृत्यु से ही सत्य का अधिक कल्याण होगा -यह कहते हुए महात्मा ईसा सूली पर चढ़ गये और महान दार्शनिक सुकरात मुस्कुराते हुए ज़हर का प्याला पी गये । इतिहास साक्षी है कि महात्मा ईसा के साथ उनका धर्म सूली पर नहीं चढ़ाया जा सकाऔर न ही सुकरात के साथ उनके शाश्वत सिद्धांतों का अंत हुआ ।

प्रश्न :–

1.संसार के सभी नेताओं ने कैसे अपने कदम को आगे बढ़ाया है ?
2.नेताओं ने किसके विश्वासघात के भय से पलायन नहीं किया ?
3.नेताओं ने किसके सामने अपना सर नहीं झुकाया ?
4.' मेरे जीवन की अपेक्षा मेरी मृत्यु से ही सत्य का अधिक कल्याण होगा' इसे किस महात्मा ने कहा है ?
5.किसके शाश्वत सिद्धांतों का अंत न हुआ ?

49. **आ.हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **1 X 5 = 5**

1.Our college is at a distance of five kilometer from bus stand .
2. We had been to village last month.
3. I have lived in Mysore for one year.
4. Unity and diversity is found in India .
5. Principal appreciated winners with certificates.

****